DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times

DATED 05/12/2023

# Punjabi Bagh flyover to partly open in Jan

Paras Singh
paras@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Public Works Department (PWD) plans to open the west Delhi Ring Road corridor between Punjabi Bagh and Moti Nagar flyovers in two phases, with the first section of the six-lane flyover at Moti Nagar intersection expected to be ready by January 2024, senior officials associated with the project said on Monday.

The project involves doubling two separate three-lane flyovers at Moti Nagar and Punjabi Bagh and connecting them to carve a six-lane corridor extending from ESI Hospital to the Club Road flyover. The stretch is part of the Punjabi Bagh and Raja Garden flyovers, one of the busiest sections of Ring Road, which is used by traffic from north and south Delhi as well as vehicles headed to Gurugram and parts of Haryana.

The new corridor will also provide seamless connectivity between Dhaula Kuan in south Delhi to Azadpur in north Delhi, the officials said. The infrastructure planning arm of DDA -- the Unified Traffic and Transportation Infrastructure (planning and engineering) Centre or UTTIPEC cleared the project in December 2020. The expenditure finance committee of the Delhi government provided the financial approval for the project on May 10, 2022 while announcing that it will be completed in the next 18 months.

The officials added that the ₹352.3 crore project is being carried out under the Corridor Development and Flyover Construction Scheme of PWD. The construction work started in September 2022. PWD minister Atishi inspected the project on October 12, and directed the department to ensure that the construction work on both sites is completed by January.

A senior PWD official, who asked not to be named, said the six-lane Moti Nagar section of the new elevated corridor will be opened for traffic by December last week or early January, relieving one of the two congestion nodes. He added that the rest of the corridor will take more time.

"We lost momentum last month when a ban was imposed on construction under the Graded response action plan (Grap) for two weeks between November 8 and 18. We are trying to complete Moti Nagar section in the next one month. The remaining portion of the Club Road flyover also face hurdles in relocation of power lines. It could be delayed to at least April next year," the official said.

A second official who also spoke on condition of anonymity said the agency had to place girders in the presence of heavy traffic which slowed down the pace of work. "In Punjabi Bagh, the relocation of power lines is taking time. We have held series of meetings with power companies over the issue. We hope to wrap up the work by April," the official added.

"Around 1.25 lakh vehicles pass through the two flyovers every day and once the project is complete it is estimated to lead to annual saving of 18 lakh litres of fuel annually, as well as 27,000 man-hours of labour due to reduction in congestion," the second official added.

Dhiraj Dhingra, who uses this Ring Road section, said roads alongside the Punjabi Bagh flyover are in bad shape which lead to heavy traffic snarls. "They must be repaired soon," Dhingra said.



Photo: Sanchit Khanna/HT

## Inching towards completion

**One section of the six-lane corridor in west Delhi is likely to open by January**

**₹352 crores** ESTIMATED COST | **PROJECT STARTED IN:** September 2022




**What is the project?**
Elevated corridor between Raja Garden flyover and Punjabi Bagh flyover, it involves development of a six-lane elevated corridor from the ESI Hospital to the existing Club Road half flyover, one of the busiest road stretches in Delhi

**What PWD officials say?**
- The corridor will be completed in two phases: Moti Nagar six lane flyover will be opened by January 2024
- The Punjabi Bagh flyover will be completed by April 2024

**Hurdle and cause of delay?**
Shifting of power lines, heavy traffic, Grap construction ban

**How it will help**
- Will reduce the carbon emission of 1.60 lakh tonnes annually
- **18 lakh litres** Amount of fuel savings annually
- **₹200 crores** Money to be saved on fuel costs

# MCD nod for Dwarka mini civic centre

Paras Singh
paras@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Municipal Corporation of Delhi (MCD) is set to develop a multi-storey mini civic centre complex in Dwarka over the next three years, senior officials aware of the matter said.

The corporation has granted administrative approval to the ₹358 crore proposal moved by the engineering department — ₹1 crore will be spent this year, followed by ₹150 crore, ₹110 crore, and ₹97 crore over the next three years.

According to the final proposal submitted by MCD commissioner Gyanesh Bharti to the municipality, the 15-story complex, which will have three basement floors, will be constructed on a 9,649 sqm plot at the Dwarka Sector 11 district centre and will have a built-up area of 79,912 sqm. Officials said the complex, which will operate as the zonal headquarters for the Dwarka region, will have a capacity of 3,700 employees, with commercial revenue generation components and public amenities.

The project had received environmental clearance from the state-level expert appraisal committee (SEAC) in September.

Due to a shortage of funds, the civic body plans to complete the project in phases. "Our planning department has estimated that the building will need electrical works worth ₹47.6 crore, along with civic works worth ₹310 crore. The first phase will be completed in three years by 2026," an MCD official said.

According to the official, the project has been in the conceiving stage for nearly a decade.

"The plot was taken from the Delhi Development Authority (DDA) in 2011, and the erstwhile South MCD hired architects and consultants for the project in 2014. Initially, the plan was to develop the project in partnership with DDA on a commercial basis, sharing 33.33% of the revenue generated with the authority, but we could not get a favourable response and now we have decided to fund it from our own resources," the official said, requesting anonymity.

"The complex will also help create a lot of parking space in the commercial hub. The basement sections will be able to accommodate 457 four-wheelers and 270 two wheelers. The parking facility will have a dedicated section for EV cars and charging points for 141 four wheelers. We plan to rent out a section of the office complex on the lines of the Civic Centre on Minto Road — where one tower section has been rented by the income tax department — to generate revenue," a second MCD official said, also requesting anonymity.

Ranbir Singh Solanki, the president of Madhu Vihar colonies welfare association said that sector 11 is centrally located and the new office would be much more accessible to people of the region. "If all officers are available in the district center it will save a lot of time for residents. It is a good move," he added

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 5 दिसंबर 2023

# टूवीलर वालों के लिए खतरों से भरी पड़ी है कंझावला रोड

## सीवर लाइन के नाम पर खोदा, बन चुके हैं दर्जनों गड्ढे

■ एनबीटी न्यूज, कंझावला रोड



लोगों का आरोप है कि एजेंसियां काम के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं करतीं

**राजीव नगर** एक्सटेंशन के पास वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। इस सड़क पर दर्जनों गहरे गड्ढे बन चुके हैं। लोगों का कहना है कि यहां से बाइक-स्कूटर से जाना खतरे से खाली नहीं है। लोगों का आरोप है कि कई बार स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग में शिकायत दी है, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गई।

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष दयानंद वत्स ने बताया कि न सिर्फ कंझावला रोड, बल्कि आउटर दिल्ली की कई सड़कों की हालत खराब है। इसे लेकर नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित अन्य विभाग में लिखित में शिकायत दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जैन नगर, बेगमपुर गांव कंझावला रोड, कराला से मुंडका मेट्रो स्टेशन, रानीखेड़ा से मुबारकपुर सहित रोहिणी सेक्टर 20-21 की सड़कों की हालत खराब है। सबसे बुरी हालत कंझावला रोड की है। लोगों की मांग है कि इस सड़क की जल्द मरम्मत की जाए। लोगों का आरोप है कि अधिकांश सड़कों की मरम्मत कई सालों से नहीं हुई है। कुछ सड़कों पर सीवर लाइन और पानी की लाइन डालने के नाम पर एजेंसियों ने इन्हें खोद कर छोड़ दिया है। लोगों का कहना है कि इस सड़क पर कई बार गाड़ियां असंतुलित हो जाती हैं। ऐसे में हमेशा हादसे होने के चांस रहते हैं।

**कंझावला रोड के अलावा भी कई सड़कें हैं, जिनकी हालत काफी खराब है**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
TUESDAY, DECEMBER 5, 2023

# Rain harvesting: NGT gives 7 agencies a week to file reply

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** After the National Green Tribunal (NGT) in September 2019 had directed agencies to follow an expert committee's guidelines for installation of rainwater harvesting systems (RWHS), the tribunal has now issued notices to seven of these authorities.

The notices followed a plea that was filed in NGT claiming that the committee had pointed out deficiencies in RWHS that had not been rectified till now.

The agencies, Delhi Jal Board, Delhi Development Authority, Public Works Department, New Delhi Municipal Council, erstwhile South Delhi Municipal Corporation, Central Ground Water Authority and Delhi Pollution Control Committee, have been asked to file a compliance report in a week.

In 2019, NGT had constituted the expert committee that suggested stopping rainwater harvesting of contaminated water, and proper maintenance of the rainwater harvesting systems.

# ABVP का राष्ट्रीय अधिवेशन 7 से, शाह 8 को करेंगे उद्घाटन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



बुराड़ी में डीडीए ग्राउंड में चल रही है तैयारियां

**दिल्ली में** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) 7 से 10 दिसंबर को अपना राष्ट्रीय अधिवेशन रखेगा। एबीवीपी की ओर से बताया गया कि बुराड़ी में डीडीए ग्राउंड में होने वाले इस अधिवेशन का उद्घाटन 8 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। इस अधिवेशन में देशभर के सभी राज्यों से 10 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। एबीवीपी ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चार दिन तक स्टूडेंट्स इस ग्राउंड में बसाई गई अस्थाई 'टेंट सिटी' में रुकेंगे, जिसे 'इंद्रप्रस्थ नगर' का नाम दिया गया है।

एबीवीपी के 75वें साल के 'अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन' में शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला आदि विषयों पर प्रतिनिधि चर्चा करेंगे। अलग-अलग क्षेत्रों के मुद्दों और परिवर्तन के लिए क्या किया जा सकता है, उस पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन में शिक्षा, राजनीति, व्यापार समेत अलग-अलग क्षेत्रों से नामी लोग और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहासिक अनुभवों का गवाह बनने जा रहा है। एबीवीपी की 75वर्षों की यात्रा अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। इसी का परिणाम है कि आज एबीवीपी विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में उभरा है।

**देशभर से 10 हजार स्टूडेंट्स होंगे शामिल**

**जीरो फूड वेस्ट, जीरो प्लास्टिक:** अधिवेशन में जीरो फूड वेस्ट, जीरो प्लास्टिक जैसे कई प्रयोग किए जा रहे हैं। इस 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में कई प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। जिनमें एक एग्जिबिशन एबीवीपी के संस्थापक सदस्य और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक दत्ताजी डिडोलकर को समर्पित होगी। एक महीने से अधिक समय से देशभर के अलग-अलग आर्ट्स कॉलेज के स्टूडेंट्स ने अपने आर्टवर्क से खास एग्जिबिशन तैयार की है। प्रदर्शनी स्थल पर ही मिट्टी और रेत से भी अलग-अलग कलाकृतियां उकेरी जाएंगी।

हिन्दुस्तान

# अगल-बगल के फ्लैट लेने पर बीच से दीवार हटा सकेंगे

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। डीडीए की पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत सोमवार तक 9 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

■ डीडीए फ्लैटों के लिए पंजीकरण का आंकड़ा नौ हजार के पार पहुंचा

डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगर लोग दो अगल-बगल के फ्लैट खरीदते हैं तो इन फ्लैटों के बीच की दीवार हटाकर दोनों फ्लैटों में आने-जाने के लिए रास्ता बनवा सकते हैं। प्राधिकरण ने नियम में बदलाव करते हुए फ्लैट खरीदारी को यह सुविधा दी है। इस योजना के तहत लोगों को ईडब्ल्यूएस के लिए 50 हजार रुपये, एलआईजी के लिए एक लाख रुपये, एमआईजी के लिए 4 लाख और एचआईजी के लिए 10 लाख का बुकिंग शुल्क देना होगा। बता दें कि द्वारका, लोकनायक पुरम और नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों के लिए डीडीए पंजीकरण करा रहा है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS पंजाब केसरी DELHI 5 दिसम्बर, 2023 DATED

# डीडीए की हाउसिंग स्कीम में सोमवार तक हुए 9 हजार से अधिक पंजीकरण

## डीडीए ने लॉन्च की है 30 हजार से अधिक फ्लैटों की योजना



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ-पहले पाओ के तहत सोमवार तक 9 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। दरअसल डीडीए ने 30 हजार से अधिक फ्लैटों की योजना लांच की थी जिसके तहत दिल्ली के द्वारका, लोकनायक पुरम और नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों के लिए पंजीकरण हो रहे हैं। इन सभी फ्लैटों के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 11 दिसंबर से शुरू होगी। आवेदनकर्ता अपनी प्राथमिकता अनुसार फ्लैटों को बुक करा सकते हैं।

डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया अगर लोग दो अगल-बगल के फ्लैट खरीदते हैं तो इन फ्लैटों के बीच की दीवार से दोनों फ्लैटों में आने-जाने के लिए रास्ता बनवा सकते हैं। प्राधिकरण ने नियम में बदलाव करते हुए फ्लैट खरीदारी को यह सुविधा दी है। इस योजना में ईडब्ल्यूएस के लिए 50 हजार रुपये, एलआईजी के लिए 1 लाख रुपये, एमआईजी के लिए 4 लाख और एचआईजी के लिए 10 लाख रुपये का बुकिंग शुल्क देना होगा। फ्लैटों की पंजीकरण और बुकिंग प्रक्रिया 31 मार्च 2024 तक जारी रहेगी। साथ ही डीडीए ने दिल्ली में दो हजार से अधिक आरामदायक (लग्जरी) फ्लैटों के लिए पंजीकरण शुरू किया है। सोमवार तक इन फ्लैटों के लिए 850 पंजीकरण हुए हैं। इन फ्लैटों की ई-नीलामी से बुकिंग होगी। दो कमरों के एमआईजी फ्लैट के लिए 10 लाख, तीन कमरों के एचआईजी फ्लैटों के लिए 15 लाख, चार कमरों के सुपर एचआईजी फ्लैट के लिए 20 लाख और पांच कमरे के पेंटहाउस के लिए 25 लाख रुपये की बयाना राशि ई-नीलामी के लिए देनी होगी।

# घोगा गांव में ग्रामीण कर रहे हैं अस्पताल बनाने की मांग

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): घोगा गांव में सरकारी खाली पड़ी जमीन पर लोग अस्पताल बनाने की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 1995-96 में दिल्ली सरकार ने लगभग 2500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी जिसमें से आधी जमीन पर दिल्ली से अवैध डेरी हटाकर यहां पर बसा दी गई, बाकी जमीन अभी तक खाली पड़ी हुई है।

सरकार इसका कोई उपयोग नहीं कर रही है जिसके चलते यहां पर कीकर के पेड़ उग आए हैं। आवारा पशु इसमे रहते हैं। जो सड़क के बीचों-बीच आकर यातायात को प्रभावित करते है। और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित होते है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) राजेंद्र कुमार भारद्वाज कहना है कि दिल्ली सरकार ने यहां विकास केंद्र बनाने की घोषणा की थी। लेकिन उस समय मौजूद सरकार ने यहां डेरी बसा दी। जिससे घोगा निवासियों का सपना अधूरा रहा गया। यहां पर स्कूल, कॉलेज, आई टी आई, बस डिपो, बस टर्मिनल, अस्पताल, नगर निगम का मेडिकल कालेज इत्यादि बनने थे, लेकिन आधी जमीन पर डेरी है और आधी अभी भी खाली पड़ी हुई हैं जो कि जंगल का रूप ले चुकी है। राजेंद्र कुमार भारद्वाज ने बताया कि घोगा गांव में खाली पड़ी जमीन जो कि डीडीए ने एक्वायर की थी अब आधी जमीन खाली पड़ी है जो एमसीडी के पास है, आधी पर डेयरी कॉलोनी है, खाली पड़ी जमीन पर विकास कार्य करवाने के लिए मैंने एलजी साहब को पत्र लिखा था।

अमर उजाला

# एबीवीपी के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन का औपचारिक तौर पर उद्घाटन आठ दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बुराड़ी के डीडीए ग्राउंड में होने जा रहे इस आयोजन में करीब दस हजार छात्र हिस्सा लेंगे। एबीवीपी पदाधिकारियों ने सोमवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में मीडिया को इसकी जानकारी दी। इस पर राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बताया कि अधिवेशन सात दिसंबर से शुरू होगा। पहले दिन देश भर के कार्यकर्ता डीडीए ग्राउंड में जमा होंगे। अगले दिन इसका औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अमित शाह करेंगे। इस मौके पर वह छात्रों का उत्साहवर्धन भी करेंगे। चार दिनों तक चलने वाले अधिवेशन में देश भर के करीब 10 हजार छात्र हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए डीडीए ग्राउंड पर टेंट का अस्थाई शहर बसाया गया है। इसका नाम महाभारतकालीन "इंद्रप्रस्थ नगर" रखा गया है। इसमें सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। अधिवेशन में शामिल होने वाले सभी प्रतिनिधि इसी शहर में चार दिनों तक रूकेंगे। आयोजकों का कहना है कि अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन देशभर के युवाओं की उपस्थिति, संवाद के विषयों की विविधता सहित विभिन्न पक्षों में विशिष्ट है। इसमें शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला, समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। ब्यूरो